डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक: CoE-487 /DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2022–23 दिनांकः–09 दिसम्बर, 2022

**बैक पेपर (सम/विषम अधिसत्र) परीक्षा तथा फाइनल बैक पेपर परीक्षा–दिसम्बर, 2022 के लिये ऑन–लाइन आवेदन हेतु आवश्यक सूचना**

विश्वविद्यालय पत्रांक–सी.ओ.ई.–443, दिनाँक 18.11.2022 द्वारा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बैक पेपर (सम–विषम अधिसत्र) एवं फाइनल बैक पेपर परीक्षा माह दिसम्बर, 2022 हेतु अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी बैक पेपर परीक्षा माह दिसम्बर, 2022 का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसके क्रम में विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन बैक पेपर परीक्षा आवेदन–पत्र दिनाँक 20.11.2022 से दिनाँक 30.11.2022 तक आमंत्रित किये गये थे, जिसकी तिथि को दिनाँक 07.12.2022 तक विस्तरित किया गया था।

तद्क्रम में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उपर्युक्तानुसार बैक पेपर (सम–विषम अधिसत्र) एवं फाइनल बैक पेपर परीक्षा माह दिसम्बर, 2022 के लिये **निर्धारित आवेदन तिथि को विद्यार्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनाँक 12.12.2022 तक विस्तारित किया जाता है। पूर्व में निर्गत सूचना द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशों के अनुसार ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन दिनाँक 12.12.2022 तक भरना सुनिश्चित करें।**

शेष शर्तें एवं व्यवस्थाएं पूर्ववत् रहेंगी।

**(डॉ0 अमित कुमार राय)**
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/समन्वयक, विश्वविद्यालय।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण।
6. प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से कि विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को अपने संस्थान में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 14.12.2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
7. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी समस्त संलग्नकों सहित विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 14.12.2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
9. सम्बद्ध एजेन्सी एवं परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।
10. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

09/12/22

**(डॉ0 अमित कुमार राय)**
परीक्षा नियंत्रक